दिनांक 18.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा अभियान की कड़ी में नगर पालिक निगम, भिलाई की टीम ने स्कूलों में जाकर बच्चों एवं शिक्षक, शिक्षकाओं को स्वच्छता के बारे में बताया गया। साथ ही सभी बच्चों एवं शिक्षक, शिक्षकाओं को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। उनसे कहा गया कि वे भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करें, साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरुकता लाने रैली भी निकाली गई। जिसमें सभी बच्चों ने जोरों–शोरों से हिस्सा लिया।

इसी के साथ शहर में स्थित ऐसे लोगों के द्वारा जहां कचरा फेंका जाता है ऐसे स्थानों को साफ किया गया और साफ करने के बाद वृक्षारोपण किया गया। लोगों को संदेश दिया गया कि सड़क, नाली, तथा अपने मोहल्ले में कचरा न डालें। बच्चों तथा शिक्षक, शिक्षिकाओं को स्वच्छता का संदेश तथा साफ–सफाई करते देख वहां से गुजर रहे पुलिस अधिकारी ने भी इस कार्य में अपना हाथ बटाया और लोगों से अपील भी की गई कि अपने मोहल्ले में कचरा न डालें।

इस अवसर पर निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी